		4. (कार्य, स्थिति आदि की) कठिनता, विकटता;	പ്രയാസം, ബുദ്ധിമുട്ട്, കാഠിന്യം;	प्रयासं, बुद्धिमुट्ट, काठिन्यं;	hardship, difficulty (while doing some work etc.);
		5. उत्कटता, तीव्रता, प्रचंडता ।	തീവ്രത, ഉഗ്രത	तीव्रत, उग्रत	intensity.
विषय	पुं.	1. कोई ऐसी चीज या बात जिसके संबंध में कुछ कहा, किया या सोचा-समझा जाए;	കാര്യം, സംഗതി;	कार्यं, संगति;	subject;
		2. कोई ऐसा काम या बात जिससे संबंध रखनेवाली बातों का स्वतंत्ररूप से अध्ययन, मीमांसा या विवेचन होता हो;	ചർച്ചാ വിഷയം;	चर्चाविषयं;	topic;
		3. कोई ऐसी आधारिक कल्पना या विचार जिस पर किसी प्रकार की रचना हुई हो, विषय-वस्तु;	ആശയം;	आशयं;	theme;
		4. वे बातें या विचार जिनका किसी ग्रंथ, लेख आदि में विवेचन हुआ हो या किया जाने को हो;	പ്രതിപാദ്യം, ഉള്ളടക്കം;	प्रतिपाद्यं, उळ्ळटक्कं;	matter, content;
		5. स्त्री के साथ किया जानेवाला संभोग, मैथुन;	സംഭോഗം, മൈഥുനം;	संभोगं, मैथुनं;	sexual intercourse;
		6. इंद्रिय सुख;	ഇന്ദ്രിയ സുഖം;	इन्द्रिय सुखं;	sensual pleasure, pleasures of sense;
		7. सांसारिक भोगविलास और उसके साधन की सामग्री ।	ലൗകികസുഖം, സുഖോപഭോഗം	लौकिकसुखं, सुखोपभोगं	worldly pleasures and its means.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विषय-वस्तु	स्त्री.	कल्पना, विचार आदि के रूप में रहनेवाला वह मूल तत्व जिसे आधार मानकर कोई कलात्मक या कौशलपूर्ण रचना की गई हो, किसी कृति का आधारिक और मूलविचार-विषय ।	ഏതെങ്കിലും കലാകൃതിക്ക് ആധാരമായ വിഷയം	एतेंकिलुं कलाकृतिक्क आधारमाय विषयं	theme, subject.
विषयांतर	पुं.	एक विषय छोड़कर दूसरे विषय पर जाना ।	വിഷയംമാറൽ, -വിഷയ-വ്യതിയാനം	विषयं मारल, विषयप्पतियानं	digression.
विषयानु-क्रमणिका	स्त्री.	विषयों के विचार से बनी हुई अनुक्रमणिका, विषय-सूची ।	വിഷയ വിവരം, വിഷയസൂചി	विषयविवरं, विषयसूचि	subject index.
विषयी	वि.	भोगविलास में रत रहने-वाला, कामुक ।	ലൗകിക സുഖങ്ങളിൽ താൽപര്യമുള്ള	लौकिक सुखङ्ङळिल तात्पर्यमुळळ	sensual and carnal.
विषाक्त	वि.	1. जिसमें विष मिला हो; 2. (वातावरण) जो बहुत अधिक दूषित हो ।	വിഷംകലർന്ന, വിഷപൂർണമായ; ദൂഷിതമായ (അന്തരീക്ഷം)	विष कलर्न्न विषपूर्णमाय; दूषितमाय (अन्तरीक्ष)	mixed with poison; poisonous.
विषाणु	पुं.	कुछ विशिष्ट रोगों में शरीर के अंदर उत्पन्न होनेवाला एक विषाक्त तत्व जो दूसरे जीवों के शरीर में किसी प्रकार पहुँचकर वही रोग उत्पन्न कर सकता है ।	വിഷാണു	विषाणु	virus.
विषाद	पुं.	1. मन की वह दु:खद अवस्था जो कोई भारी दुर्घटना होने पर और भविष्य के संबंध में मन में गहरी निराशा या भय उत्पन्न होने पर प्राय: सामूहिक रूप से उत्पन्न होती है;	ക്ലാന്തത, ഉദാസീനത, ദുഃഖം;	म्लानत, उदासीनत, दु:खं;	gloom;
		2. अभिलाषा या उद्देश्य पूरा न होने पर उत्साह या वासना का दु:खद रूप से मंद पड़ना, साहित्य में एक प्रकार का संचारी भाव ।	ഉത്സാഹമില്ലായ്മ, നൈരാശ്യം, ഒരു സഞ്ചാരി ഭാവം	उत्साहमिल्लायम, नैराश्यं, ओरु सञ्चारी भावं	despondency.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विषुवत्-रेखा	स्त्री.	भूगोल में वह कल्पित रेखा जो पृथ्वी तल के पूरे मानचित्र पर ठीक बीचों-बीच गणना के लिए पूर्व-पश्चिम खींची गई हो ।	ഭൂമധ്യരേഖ	भूमध्यरेख	equator.
विषूचिका	स्त्री.	हैजा नामक रोग ।	ഛർദ്ദിയും അതിസാരവും	छर्दियुं अतिसारवुं	cholera.
विषैला	वि.	विषयुक्त, जहरीला ।	വിഷം കലർന്ന	विषं कलर्न्न	poisonous, venomous.
विष्ठा	स्त्री.	गुह, मल, पाखाना ।	മലം, പുരീഷം	मलं, पुरीषं	faeces, excrement.
विसंगत	वि.	जिसके साथ संगति न हो, बेमेल, असंगत ।	ചേരാത്ത, യോജിക്കാത്ത	चेरात्त, योजिक्कात्त	irrelevant.
विसंगति	स्त्री.	असंगति ।	പൊരുത്തക്കേട്	पॊरुत्तक्केट्	irrelevance.
विसम्मति	स्त्री.	किसी विषय में दूसरे के मत से सहमत न होने की अवस्था या भाव, असहमति ।	വിസമ്മതം, അഭിപ്രായ ഭിന്നത	विसम्मतं, अभिप्रायभिन्नत	dissent.
विसर्ग	पुं.	1. (व्याकरण) एक अक्षर का संकेत (:) जिसका उच्चारण अर्ध 'ह' के समान होता है;	(വ്യാ.) അർദ്ധ'ഹ'കാരമായി ഉച്ചരിക്കണമെന്ന സൂചിപ്പിക്കുന്ന ചിഹ്നം (ഃ);	(व्या.) अर्ध 'ह' उच्चरिक्कणमंन्नु सूचिप्पिक्कुन्न ऱांरु चिहनु (:);	(gram.), colon like sign (:);
		2. त्याग, छोड़ना ।	ഉപേക്ഷിക്കൽ, തള്ളിക്കളയൽ, ത്യാഗം	उपेक्षिक्कल, तळ्ळिक्कळयल, त्यागं	to abandon, to give up.
विसर्जन	पुं.	1. अंत, समाप्ति;	സമാപനം;	समापनु;	cessation, end;
		2. पूजन आदि के उपरांत प्रतिमा का किसी जलाशय में किया जानेवाला प्रवाह;	പൂജാനന്തരം വിഗ്രഹവും മറ്റും ജലത്തിൽ ഒഴുക്കൽ;	पूजानुन्तरं विग्रहवुं मऱ्ऱुं जलत्तिल ऒऴुक्कल;	submerging the image of a deity into holy water (as the concluding rite or worship etc.);
		3. कार्य की समाप्ति पर उसके सदस्यों आदि का कार्यस्थल से होनेवाला प्रस्थान;	സഭ പിരിയൽ, പിരിഞ്ഞു പോകൽ;	सभ पिरियल, पिरिञ्ञुपोकल;	dispersion;
		4. परित्याग करना, छोड़ना ।	ഉപേക്ഷിക്കൽ, പരിത്യജിക്കൽ	उपेक्षिक्कल, परित्यजिक्कल	to abandon, to give up.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विसर्जित	वि.	1 समाप्त;	അവസാനിച്ച,	अवसानिच्च,	ended;
		2. जलाशय में प्रवाहित प्रतिमा आदि);	ജലാശയത്തിൽ ഒഴുക്കപ്പെട്ട (പൂജാവിഗ്രഹവും മററും);	जलाशयत्तिल् ऒऴुक्कप्पॆट्ट (पूजाविग्रहवुं मर्रुं);	submerged (the image of a deity in holy water);
		3. जो प्रस्थान कर गया हो, प्रस्थित;	പിരിഞ്ഞു പോയ;	पिरिञ्ञुपोय;	left;
		4. छोड़ा हुआ, त्यागा हुआ, परित्यक्त ।	ഉപേക്ഷിക്കപ്പെട്ട, പരിത്യക്തമായ	उपेक्षिक्कप्पॆट्ट, परित्यक्तमाय	abandoned, given up.
विसर्पी	वि.	1. (पौधा या बेल) जो धीरे-धीरे आगे बढ़कर जमीन पर फैले या किसी आधार पर चढ़े;	പടരുന്ന,പടർന്നുകയറുന്ന (ചെടിയും വള്ളിയുംമറ്റും);	पटरुन्न, पटर्न्नुकयऱुन्न (चॆटियुं वळ्ळियुं मर्रुं);	creeping;
		2. रेंगता हुआ आगे बढ़ने या चलनेवाला;	ഇഴയുന്ന, ഇഴഞ്ഞു നീങ്ങുന്ന;	इऴयुन्न, इऴञ्ञुनीङ्ङुन्न;	one who proceeds further or walks in crawling manner;
		3. साँप की तरह लहराते हुए चलनेवाला, लहरिएदार ।	വളഞ്ഞു പുളഞ്ഞു പോകുന്ന	वळञ्ञु पुऴञ्ञु पोकुन्न	wavy, zigzag.
विसैन्यीकरण	पुं.	युद्ध के आवश्यकतावश प्रस्तुत किए गए सैनिकों को सैन्य सेवा से पृथक् करना, सैन्यविघटन ।	സൈന്യത്തെ പിരിച്ചുവിടൽ, സൈനികരെ പിരിച്ചയയ്ക്കൽ	सैन्यत्तॆ पिरिच्चुविटल्, सैनिकरॆ पिरिच्चयय्क्कल्	demilitarisation.
विस्तार	पुं.	1. फैले हुए होने की अवस्था, धर्म या भाव, फैलाव;	വ്യാപിക്കൽ, പരപ്പ്;	व्यापिक्कल्, परप्पु;	spread, expansion, extension;
		2. वह क्षेत्र या सीमा जहां तक कोई चीज फैली हुई हो, फैलाव का क्षेत्र;	വ്യാപ്തി;	व्याप्ति;	extent;
		3. विस्तृत विवरण ।	വിശദവിവരം	विशदविवरं	elaboration, details.
विस्तारवाद	पुं.	यह मत या सिद्धांत कि राज्य को अपने अधिकार क्षेत्र और सीमाओं का निरंतर विस्तार करते रहना चाहिए, भले ही इसमें दूसरे राज्यों या राष्ट्रों का अहित होता हो ।	രാജ്യവിസ്തൃതി വർദ്ധിപ്പിക്കണത്തെ വുള്ള അഭിനിവേശം, രാജ്യവിസ്താരമോഹം	राज्यविस्तृति वर्द्धिप्पिक्कुन्नतिलुळ्ळ अभिनिवेशं, राज्यविस्तारमोहं	expansionism.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विस्तीर्ण	वि.	1. जो फैला या फैलाया हुआ हो, विस्तृत किया हुआ; 2. लम्बा-चौड़ा, बहुत बड़ा ।	വ്യാപ്തി വർദ്ധിപ്പിക്കപ്പെട്ട; വളരെ വലിയ	व्याप्ति वर्धिप्पिक्कप्पेट्ट; वळरे वलिय	spread out, expanded; spacious.
विस्तृत	वि.	1. अधिक दूर तक फैला हुआ, विस्तारवाला; 2. (कथन या वर्णन) जिसमें सब अंग या बातें विस्तार-पूर्वक बताई गई हों; 3. बहुत लंबा या लंबा-चौड़ा ।	വളരെ ദൂരത്തോളം പരന്ന കിടക്കുന്ന; വിസ്താരമുള്ള	वळरे दूरत्तोळं परन्नु किटक्कुन्न; विस्तारमुळळ	spread, extended; detailed (statement or description); spacious.
विस्थापन	पुं.	किसी स्थान पर बसे हुए लोगों को कहीं से बलपूर्वक हटाना और वह जगह उनसे खाली करा लेना ।	പാർക്കുന്നിടത്തു നിന്നു് ബലാൽക്കാരമായി ഇറക്കിവിടൽ	पार्क्कुन्निटत्तु निन्नु बलात्क्कारमायि इर्क्किविटल	displacement.
विस्थापित	वि.	जिससे उसका निवास स्थान बलपूर्वक छीन लिया गया हो ।	കുടിയൊഴിപ്പിക്കപ്പെട്ട	कुटियॊऴिप्पिक्कप्पेट्ट	displaced.
विस्फारण	पुं.	1. खोलना या फैलाना; 2. धनुष चढ़ाना ।	വിരിക്കൽ; വില്ല് കുലയ്ക്കൽ	विरिक्कल; विल्लु कुलयक्कल	to open, to spread; to shoot an arrow.
विस्फारित	वि.	खोला या फैलाया हुआ ।	തുറക്കപ്പെട്ട, വിടർത്തപ്പെട്ട	तुऱक्कप्पेट्ट, विटर्त्तप्पेट्ट	opened wide, spread out.
विस्फोट	पुं.	1. अंदर की भरी हुई आग या गरमी का उबल या फूटकर बाहर निकलना; 2. एकत्र गैस, बारूद आदि का अग्नि या ताप के कारण जोर का शब्द करके बाहर निकल पड़ना; 3. उक्त क्रिया के कारण होनेवाला जोर का शब्द ।	പൊട്ടിത്തെറി; പൊട്ടിത്തെറിക്കൽ; പൊട്ടിത്തെറിക്കുന്ന ശബ്ദം	पॊट्टित्तॆऱि; पॊट्टित्तॆऱिक्कल; पॊट्टित्तॆऱिक्कुन्न शब्दं	explosion; cracking (noise); noise of such explosion.
विस्फोटक	वि.	(पदार्थ) जो अंदर की गरमी या ताप के कारण चटक कर फूट जाए, (स्थिति) जिसके अनपेक्षित और संकटपूर्ण परिणाम की संभावना हो ।	പൊട്ടിത്തെറിക്കുന്ന, സ്ഫോടകമായ (വസ്തു), സ്ഫോടനാത്മകമായ (സ്ഥിതി)	पॊट्टित्तॆऱिक्कुन्न, स्फोटकमाय (वस्तु), स्फोटनात्मकमाय (स्थिति)	explosive (substance, situation etc.).
विस्मय	पुं.	आश्चर्य, अचंभा ।	അത്ഭുതം, ആശ്ചര്യം	अद्भुत, आश्चर्य	wonder, surprise.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विस्मयकारी	वि.	विस्मय उत्पन्न करनेवाला, आश्चर्यजनक ।	അമ്പരപ്പിക്കുന്ന, ആശ്ചര്യജനകമായ	अंपरप्पिक्कुन्न, आश्चर्यजनुकमाय	causing astonishment or surprising.
विस्मरण	पुं.	1. भूलना, विस्मृति; 2. भुलाना ।	വിസ്മൃതി; മറവി, മറക്കുന്ന ശീലം, ഓർമ്മകേട്	विस्मृति; मरुवि, मरुक्कुन्न शीलं, ओर्म्मकेट्	forgetting; obliviousness.
विस्मित	वि.	जिसे विस्मय हुआ हो, आश्चर्यचकित ।	അമ്പരന്ന, അത്ഭുതപ്പെട്ട	अंपरन्न, अत्भुतप्पेट्ट	amazed, surprised.
विस्मृत	वि.	1. जिसका स्मरण न रहा हो, भूला हुआ; 2. भुलाया हुआ ।	വിസ്മരിക്കപ്പെട്ട, മറക്കപ്പെട്ട, മറവിയിലാണ്ട, വിസ്മൃതിയിൽ മറഞ്ഞ	विस्मरिक्कप्पेट्ट, मरुक्कप्पेट्ट, मरुवियिलाण्ट, विस्मृतियिल्-मरञ्ञ	forgotten; passed out of memory or recollection.
विस्मृति	स्त्री.	भूल जाना, विस्मरण ।	മറക്കൽ, മറവി	मरुक्कल, मरुवि	forgetfulness, oblivion.
विहंग	पुं.	पक्षी, चिड़िया ।	പക്ഷി, പറവ	पक्षि, परुव	bird.
विहार	पुं.	1. घूमना, भ्रमण;	ചുററിനടക്കൽ, ഉലാത്തൽ, വിനോദസഞ്ചാരം;	चुरिरु नटक्कल, उलात्तल, विनोदसञ्चारं;	roaming or walking about for pleasure etc;
		2. बौद्ध आदि श्रमणों के रहने का मठ या आश्रम;	ബൗദ്ധസന്യാസി കളുടേയോ മറ്റും മഠം, -ആശ്രമം;	बौद्ध संन्यासि-कळुटेयुं मरुत्तुं मठं, - आश्रमं;	monastry, consecration for a sacrifice;
		3. रतिक्रीड़ा;	സംഭോഗം;	संभोगं;	sexual enjoyment;
		4. आमोद-प्रमोद ।	വിനോദിക്കൽ, ഉല്ലസിക്കൽ	विनोदिक्कल, उल्लसिक्कल	recreation, pleasure.
विहित	वि.	1. जो विधि के अनुरूप हुआ या किया गया हो, विधि के अनुरूप;	നിയമാനുസൃതമായ, വിധിപ്രകാരമുള്ള;	नियमानुसृतमाय, विधिप्रकारमुळ्ळ;	according to rules prescribed by law, ordained by law;
		2. निर्धारित, निश्चित ।	നിശ്ചയിക്കപ്പെട്ട	निश्चयिक्कप्पेट्ट	prescribed, fixed.
विहीन	वि.	रहित, बगैर, बिना ।	ഇല്ലാത്ത	इल्लात्त	without.
विह्वल	वि.	व्याकुल, उद्विग्न, अशांत, घबराया हुआ ।	വ്യാകുലപ്പെട്ട, പരിഭ്രമിച്ച	व्याकुलप्पेट्ट, परिभ्रमिच्च	perturbed, restless, confused.
विह्वलता	स्त्री.	व्याकुलता, घबराहट ।	വ്യാകുലത, പരിഭ്രമം	व्याकुलत, परिभ्रमं	perturbation, restlessness.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वीक्षण	पुं.	देखने की क्रिया, निरीक्षण ।	നോക്കൽ,നോട്ടം	नोक्कल, नोट्टं	seeing, inspection.
वीचि	स्त्री.	लहर, तरंग ।	ഓളം, തിര	ओळं, तिर	wave, ripple.
वीणा	स्त्री.	एक तरह का प्राचीन भारतीय बाजा जो सितार, सरोद आदि का मूल रूप है और सब बाजों में श्रेष्ठ माना जाता है ।	വിപഞ്ചിക	विपञ्चिक	Indian lute, lyre.
वीतराग	वि.	सांसारिक आसक्ति का परित्याग करनेवाला, रागरहित, निस्पृह ।	ലൗകിക കാര്യങ്ങളിൽ താൽപര്യമില്ലാത്ത	लौकिककार्य-ङ्ङ्ङिल् तात्पर्यमिल्लात्त	free from all passion, dispassionate.
वीथि	स्त्री.	1. मार्ग, रास्ता, सड़क; 2. दीर्घा ।	വഴി, മാർഗം; ഇരിപ്പിടത്തട്ട്	वषि, मार्ग; इरिपिपटत्तट्ट	way, road; gallery.
वीर	वि.	1. बलवान, बहादुर, शूर; 2. साहसी, निर्भय;	ശൂരനായ; ധൈര്യശാലിയായ,	शूरनाय; धैर्यशालियाय	mighty, brave; adventurous, fearless;
		3. किसी काम या बात में औरों से बहुत बढ़कर ।	ശ്രേഷ്ഠനായ, മികച്ച	श्रेष्ठनाय, मिकच्च	excellent.
	पुं.	1. योद्धा, सिपाही, सैनिक; 2. भाई; 3. साहित्य में नौ रसों में से एक जिसका स्थायी भाव उत्साह है ।	യോദ്ധാവ്, ഭടൻ; സഹോദരൻ; (സാ.) നവരസങ്ങളിലൊന്ന്, വീരം	योद्धाव्, भटन्; सहोदरन्; (सा) नवरसङ्ङ्ङिलोन्न्, वीरं	warrior, soldier; brother; (in literature) heroism (as one of the nine Rasas).
वीरगति	स्त्री.	युद्ध क्षेत्र में मारे जाने पर योद्धाओं को प्राप्त होनेवाली शुभगति, युद्ध करते हुए मृत्यु होना ।	യുദ്ധം ചെയ്തുകൊണ്ടു മരിക്കൽ, വീരചരമം	युद्धं चेयतुकोंण्टु मरिक्कल, वीरचरमं	heroic end, killed while in action.
वीरता	स्त्री.	1. बहादुरी, शूरता; 2. साहस, निर्भयता;	പരാക്രമം; ധൈര്യം, നിർഭയത്വം;	पराक्रमं; धैर्यं, निर्भयत्वं;	bravery; adventure, fearlessness;
		3. किसी काम या बात में औरों से बहुत बढ़कर होने का भाव;	ശ്രേഷ്ഠത, മികവ്;	श्रेष्ठत, मिकव्;	excellence;
		4. वीर का कोई वीरतापूर्ण और साहसिक कार्य ।	വീരകൃത്യം, ധീരകർമം	वीरकृत्यं, धीरकर्मं	heroic deed.
वीरान	वि.	1. (प्रदेश) जिसमें बस्ती न हो, निर्जन;	ആൾപ്പാർപ്പില്ലാത്ത, നിർജനമായ;	आळप्पार्पिल्लात्त, निर्ज्जनमाय;	desolate, uninhabited;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. (ला.) शोभाविहीन ।	(ലാ.) നശിച്ച, ഐശ്വര്യമില്ലാത്ത	(ला) नशिच्च, ऐश्वर्यमिल्लात्त	(fig.) devoid of glamour, grace, ugly.
वीर्य	पुं.	1. शरीर की सात धातुओं में से एक जिसके कारण शरीर में बल और कांति आती है, शुक्र;	ശുക്ലം;	शुक्लं;	semen, virility;
		2. पराक्रम, वीरता;	ശൗര്യം, പരാക്രമം;	शौर्यं, पराक्रमं;	valour, heroism;
		3. ताकत, बल, शक्ति ।	ശക്തി, ഓജസ്സ്	शक्ति, ओजस्स्	vigour, strength.
वृंद	पुं.	समूह, समुदाय ।	കൂട്ടം, സമൂഹം	कूट्टं, समूहं	multitude, assemblage.
वृक्ष	पुं.	मोटे तथा कठोर तनेवाली वनस्पतियों का एक वर्ग, पेड़, दरख्त ।	മരം	मरं	tree.
वृत्त	पुं.	1. वृत्तांत, हाल, घटना, चरित;	വൃത്താന്തം, സംഭവം, ചരിത്രം;	वृत्तान्तं, संभवं, चरित्रं;	report, account, incident, doings;
		2. छंद;	ഛന്ദസ്സ്;	छन्दस्स्;	metre;
		3. वह क्षेत्र जो चारों ओर से किसी ऐसी रेखा से घिरा हो जिसका प्रत्येक बिंदु उस क्षेत्र के मध्य बिंदु से समान अंतर पर हो, परिधि, दायरा, मंडल, गोल घेरा ।	വട്ടം, വലയം, പരിധി	वट्टं, वलयं, परिधि	circle, circumference.
वृत्तचित्र	पुं.	सिनेमा का वह चित्र जिसमें किसी विशिष्ट कार्य या घटना के मुख्य-मुख्य अंग-उपांग या ब्यौरे की और बातें लोगों कीजानकारी के लिए दिखाई जाती हैं ।	ഡോക്യുമെന്റേറിഡോക്യുമെന്റ്റി ഫിലിം, ന്യൂസ്റീൽ	फिलिं, न्यूसरील	documentary (film).
वृत्तांत	पुं.	किसी घटना, वस्तु, विषय, स्थिति आदि की जानकारी कराने के उद्देश्य से उससे संबद्ध कही या बतलाई जानेवाली बातें या किया जानेवाला वर्णन;	വർണനം, വിവരണം;	वर्णनं, विवरणं;	report, account.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वृत्ति	स्त्री.	1. चित्त, मन आदि का कोई व्यापार (जैसे चित्तवृत्ति);	മനസ്സിന്റെ അവസ്ഥ,	मनस्सिन्टे अवस्थ,	mental disposition, attitude;
		2. योग में चित्त की विशिष्ट अवस्थाएं;	യോഗ സാധന യിലെ പ്രത്യേക ചിത്ത വൃത്തി;	योगसाधनयिलं प्रत्येक चित्तवृत्ति;	typical condition of mind in Yoga;
		3. जीवन-निर्वाह के लिए किया जानेवाला कार्य या व्यापार, धंधा, पेशा;	തൊഴിൽ, ഉപ ജീവന മാർഗം;	तॊषिल, उपजीवनमार्गं;	work, business, profession;
		4. जीविका-निर्वाह, भरण-पोषण आदि के लिए मिलनेवाला धन (जैसे छात्रवृत्ति);	-വേതനം, സ്കോളർ ഷിപ്പ്, സ്റ്റൈപ്പൻഡ്;	– वेतनं, स्कोळर्-षिप्प, स्टैप्पन्ड्;	stipend;
		5. ग्रंथ, विशेषतः सूत्रग्रंथ की टीका या व्याख्या;	വ്യാഖ്യാനം, ഭാഷ്യം;	व्याख्यानं, भाष्यं;	commentary;
		6. शब्दों की अर्थबोधक शक्तियां, शब्द-शक्ति;	ശബ്ദ വ്യാപാരം, ശബ്ദശക്തി (അഭിധ, ലക്ഷണ, വ്യഞ്ജന);	शब्दव्यापारं, शब्दशक्ति (अभिध, लक्षण, व्यञ्जन);	the force or signification of words;
		7. प्रकृति, स्वभाव ।	സ്വഭാവം, പ്രകൃതി	स्वभावं, प्रकृति	nature.
वृत्तिका	स्त्री.	भरण-पोषण के लिए मिलनेवाला धन, वृत्ति, वजीफा ।	സ്റ്റൈപ്പൻഡ്, കാലിക വേതനം	स्टैप्पन्ड्, कालिक वेतनं	stipend.
वृथा	वि.	जिसका कोई उपयोग या प्रयोजन न हो, व्यर्थ, फजूल ।	ഉപയോഗ രഹിതമായ	उपयोगरहितमाय	to no purpose, in vain, useless-
	क्रि. वि.	बिना किसी आवश्यकता या प्रयोजन के ।	വെറുതെ, നിരുദ്ദേശ്യ മായി	वॆरुतॆ, निरुद्देश्यमायि	unnecessarily, in vain.
वृद्ध	वि.	1. जो अपनी प्रौढ़ावस्था पार कर चुका हो, बुड्ढा, बूढ़ा;	പ്രായം കൂടിയ, വയോധികനായ;	प्रायं कूटिय, वयोधिकनाय;	old.
		2. गुण, विद्या आदि के विचार से औरों की अपेक्षा बहुत चतुर, विद्वान् या श्रेष्ठ ।	വിവേകമുള്ള, ജ്ഞാനിയായ, പണ്ഡിതനായ	विवेकमुळ्ळ, ज्ञानियाय, पण्डितनाय	wise, learned.
	पुं.	1. बुड्ढा आदमी, बूढ़ा व्यक्ति;	പ്രായം കൂടിയ വൻ;	प्रायं कूटियवन्	old man;
		2. पंडित, विद्वान्;	ജ്ഞാനി, പണ്ഡിതൻ;	ज्ञानि, पण्डितन्;	scholar, learned man;
		3. वह जो योग्यता आदि के विचार से औरों की अपेक्षा श्रेष्ठ तथा सम्मानित हो ।	ശ്രേഷ്ഠൻ, യോഗ്യൻ, അഭിവന്ദ്യൻ	श्रेष्ठन्, योग्यन्, अभिवंद्यन्	elder.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयालम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वृद्धा	वि.	बुढ़िया ।	വൃദ്ധയായ	वृद्धयाय	old woman.
	स्त्री.	वह स्त्री जो अवस्था में वृद्ध हो गई हो, बुड्ढी स्त्री ।	പ്രായം ചെന്ന വൾ, വയോധിക	प्रायं चॅन्नवळ् वयोधिक	old woman.
वृद्धावस्था	स्त्री.	वृद्ध होने की अवस्था, धर्म या भाव, बुढ़ापा, वार्धक्य ।	വാർദ്ധക്യം, പ്രായാധിക്യം	वार्धक्यं, प्रायाधिक्यं	old age, senility.
वृद्धि	स्त्री.	1. वर्धन, विकास;	വികാസം;	विकासं;	growth, rise;
		2. गुण, मान, मात्रा, संख्या आदि में होनेवाली अधिकता;	വർദ്ധനവ്, വലുതാകൽ, വർദ്ധിക്കൽ;	वर्धनव्, वलुताकल्, वर्धिक्कल्;	enhancement, enlargement, addition;
		3. उन्नति, तरक्की, प्रगति;	അഭിവൃദ്ധി,	अभिवृद्धि,	progress;
		4. वेतन आदि में होनेवाली अधिकता ।	ശമ്പള വർദ്ധനവ്	शंपळवर्धनव्	increment.
वृश्चिक	पुं.	1. जहरीले डंकवाला एक प्रकार का जंतु, बिच्छू;	തേൾ;	तेळ्;	scorpion;
		2. ज्योतिष में बारह राशियों में से आठवीं राशि जिसके तारे बिच्छू का-सा आकार बनाते हैं ।	ജ്യോതിഷ ത്തിലെ പന്ത്രണ്ടു രാശി കളിൽ എട്ടാമത്തെ രാശി	ज्योतिषत्तिलॆ पन्त्रण्टु राशिकळिल् एंट्टामत्तॆ राशि	eighth sign of the zodiac-scorpio.
वृषभ	पुं.	बैल, सांड ।	കാള, വൃഷഭം	काळ, वृषभं	bull.
वृष्टि	स्त्री.	1. आकाश से जल की वर्षा होने की अवस्था या भाव, जलवर्षा, पानी का बरसना;	മഴ, വർഷം;	मऴ, वर्षं;	rain;
		2. वर्षा की तरह बहुत सी छोटी-छोटी चीजें ऊपर से गिरने की क्रिया या भाव;	പെയ്ത്ത്, വർഷിക്കൽ, ചൊരിച്ചിൽ;	पॆय्त्त्, वर्षिक्कल्, चॊरिच्चिल्;	shower (of anything);
		3. किसी क्रिया का कुछ समय तक लगातार होना (ला.) ।	നൈരന്തര്യം	नैरन्तर्यं	continuance.
वे	सर्व.	'वह' का बहुवचन रूप ।	അവർ, അദ്ദേഹം	अवर्, अद्देहं	they, those.
वेग	पुं.	1. मन में होनेवाली प्रबल प्रवृत्ति, मनोवेग;	തീവ്ര ഭാവം, മനോ വേഗം;	तीव्रभावं, मनोवेगं;	impulse, passion;
		2. गति या चाल की तीव्रता या तेजी;	ഗതിയുടെ തീവ്രത,വേഗത;	गतियुटॆ तीव्रत, वेगत;	velocity, speed;
		3. शीघ्रता, जल्दी;	തിടുക്കം, ശീഘ്രത;	तिटुक्कं, शीघ्रत;	quickness, haste;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. शरीर की वह आंतरिक वृत्ति या शक्ति जो प्राणियों को मल, मूत्र आदि का त्याग करने में प्रवृत्त करती है ।	മല മൂത്രാദി വിസർജന ത്തിനുള്ള ആവശ്യം തോന്നൽ	मलमूत्रादि विसर्जनुत्तिनुळ आवश्यं तोन्नल	expulsion of the faeces.
वेगवती	वि.	जिसका वेग अत्यधिक हो ।	അത്യധികം വേഗമുള്ള (സ്ത്രീ)	अत्यधिकं वेगमुळळ (स्त्री)	speedy, swift.
वेगवान्	वि.	वेगपूर्वक चलनेवाला, तेज चलनेवाला ।	അത്യധികം വേഗമുള്ള	अत्यधिकं वेगमुळळ	swift, speedy.
वेणी	स्त्री.	स्त्रियों के बालों की गूंथी हुई चोटी, कबरी ।	സ്ത്രീകളുടെ മുടിക്കെട്ട്	स्त्रीकळुटं मुटिक्कट्टु	a braid of hair (of women).
वेतन	पुं.	1. वह धन जो निश्चित रूप से निरंतर काम करते रहने पर बराबर नियत समय पर मिलता रहता है, तनख्वाह, तलब;	ശമ്പളം, വേതനം;	शंपळं, वेतनं;	salary, pay;
		2. पारिश्रमिक, उजरत, मजदूरी ।	വേലക്കൂലി, പ്രതിഫലം	वेलक्कूलि, प्रतिफलं	remuneration, wages, labour charges.
वेत्ता	पुं.	ज्ञाता या पूर्णज्ञाता (समास में) ।	(പദാന്ത്യത്തിലും) നന്നായി അറിയുന്നവൻ	(पदान्त्यत्तिल्) नन्नायि अरियुन्न वन्	one who knows.
वेद	पुं.	1. भारतीय आर्यों के आद्य प्रधान धार्मिक ग्रंथ जो हिन्दुओं में सर्वप्रधान हैं;	ഹിന്ദുക്കളുടെ പ്രഥമവും പ്രധാനവും മായ ധർമ്മഗ്രന്ഥങ്ങൾ;	हिन्दुक्कळुटं प्रथमवुं प्रधानुवुमाय धर्मग्रंथङ्ङळ्;	the most ancient and sacred scriptures of Hindus;
		2. ज्ञान;	ജ്ഞാനം;	ज्ञानं;	knowledge;
		3. धार्मिक ज्ञान, तत्वज्ञान ।	ആധ്യാത്മിക ജ്ഞാനം, തത്വജ്ഞാനം	आध्यात्मिक ज्ञानं, तत्वज्ञानं	sacred knowledge, metaphysical knowledge.
वेदना	स्त्री.	बहुत तीव्र मानसिक या शारीरिक कष्ट, तीव्र दुःख व्यथा ।	ശാരീരികമോ മാനസികമോ ആയ തീവ്ര ദുഃഖം, വ്യഥ	शारीरिकमो मानुसिकमो आय तीव्र दुःखं, व्यथ	torture, pain, agony.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वेदांत	पुं.	भारतीय षड्दर्शनों में से एक दर्शन जो उपनिषदों की शिक्षा और सिद्धांतों पर आश्रित है और जिसमें वेदों का अंतिम या चरम उद्देश्य निरूपित है, उत्तर मीमांसा ।	ഷഡ്ദർശനങ്ങളിലൊന്ന്, ഉപനിഷത്തുകളിലെ ഉപദേശങ്ങളെയും സിദ്ധാന്തങ്ങളെയും ആശ്രയിച്ചുള്ളതും വേദങ്ങളുടെ അന്തിമവും പരമവുമായ ഉദ്ദേശ്യത്തെ പ്രതിപാദിക്കുന്നതുമായ ദർശനം, ഉത്തരമീമാംസ	षड्दर्शनङ्ङलिलोन्न् उपनिषत्तुकळिल् उपदेशङ्ङळेयुं सिद्धांतङ्ङळेयुं आश्रयिच्चुळ्ळतुं वेदङ्ङळुटे अन्तिमवुं परमवुमाय उद्देश्यत्ते प्रतिपादिक्कुन्नतुमाय दर्शनं, उत्तरमीमांस	one of the six systems of Indian philosophy so called either as teaching the ultimate scope of the Veda or simply as explained in the Upanishadas, which come at the end of the Vedas, the last of the six principal Darshanas or systems of Hindu philosophy.
वेदी	स्त्री.	1. यज्ञ कार्य के लिए साफ करके तैयार की हुई भूमि; 2. मांगलिक या शुभ कार्य के लिए तैयार किया हुआ चौकोर स्थान, वेदिका ।	യാഗത്തിനായി തയ്യാറാക്കുന്നതും, വേദിക, മണ്ഡപം	यागत्तिन्नायि तय्यारावक्कुन्नतुं, वेदिक, मण्डपं	a place prepared for sacrifice; altar.
वेधक	वि. पुं.	1. वेधन करनेवाला, छेद करनेवाला, छेदनेवाला; 2. नुकीली चीज धंसाकर घायल करनेवाला; 3. मणियों आदि को वेधकर अपनी जीविका चलानेवाला ।	പിളർക്കുന്ന, ഛേദിക്കുന്ന; മുറിപ്പെടുത്തുന്ന, വ്രണപ്പെടുത്തുന്ന; രത്നങ്ങളും മററും തുളച്ചുകൊതാഴിലാക്കിയിട്ടുള്ളവൻ	पिळर्क्कुन्न, छेदिक्कुन्न; मुरिप्पेट्टुत्तुन्न, व्रणप्पेट्टुत्तुन्न; रत्नङ्ङळुं मरुं तुळयक्कुक तॊऴिलाक्कि यिट्टुळ्ळवन्	a piercer; wounder, stabber; a perforator.
वेधन	पुं.	1. छेदने की क्रिया; 2. छेदकर घायल करने की क्रिया; 3. यंत्रों आदि की सहायता से आकाशस्थ ग्रहों आदि की गति, स्थिति आदि का पता लगाने की क्रिया, प्रेक्षण ।	ഛേദനം; മുറിപ്പെടുത്തൽ, പരിക്കേൽപ്പിക്കൽ; ഗ്രഹനക്ഷത്രാദികളുടെ സ്ഥിതിഗതികൾ ദൂരദർശിനിയിലൂടെ നിരീക്ഷിക്കൽ	छेदनं; मुरिप्पेट्टल, परिक्केल्पिक्कल्; ग्रहनक्षत्रादिकळुटे स्थितिगतिकळ् दूरदर्शिनियिलूटे निरीक्षिक्कल्	the act of piercing; to make a wound by piercing; observation of planets by telescope.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वेधशाला	स्त्री.	वह प्रयोगशाला जिसमें ग्रह, नक्षत्रों आदि की गति का पर्यवेक्षण किया जाता है ।	വാനനിരീക്ഷണശാല, നക്ഷത്രബംഗ്ളാവ്	वानुनिरीक्षणशाल, नक्षत्रबंग्लाव्	observatory.
वेध्य	वि.	जिसका वेध हो सके, होने को हो या किया जाए ।	ഉളയ്ക്കപ്പെടേണ്ടതായ	तुळयक्कप्पेण्टताय	to be pierced or perforated.
वेला	स्त्री.	1. किसी काम या बात का नियमित या निश्चित समय;	സമയപരിധി, കാലാവധി, അവസരം;	समयपरिधि, कालावधि, अवसरं;	limit of time;
		2. समुद्र का तट;	സമുദ്രതീരം;	समुद्रतीरं;	coast, sea-shore;
		3. मर्यादा, सीमा ।	അതിര്, സീമ	अतिर्, सीम	limit.
वेश	पुं.	1. पहनने के कपड़े आदि, पोशाक;	വസ്ത്രം, ഉടുപ്പ്, കുപ്പായം;	वस्त्रं, उटुप्प, कुप्पायं;	dress, costume, uniform;
		2. कुछ खास तरह के ऐसे कपड़े जिन्हें पहनने पर कोई विशिष्ट रूप प्राप्त होता है, भेष;	വ്യാജവേഷം;	व्याजवेषं;	guise;
		3. बाहय रूप ।	ബാഹ്യരൂപം	बाह्यरूपं	external appearance.
वेश्या	स्त्री.	ऐसी स्त्री जो धन लेकर लोगों के साथ संभोग करने का व्यवसाय करती हो, गणिका, तवायफ ।	വ്യഭിചാരിണി, തേവിടിശ്ശി	व्यभिचारिणि तेविटिश्शि	prostitute, harlot, whore.
वेश्यालय	पुं.	वेश्या या वेश्याओं के रहने का स्थान ।	വേശ്യകളുടെ പാർപ്പിടം	वेश्यकळुटं पार्प्पिटं	brothel.
वेश्यावृत्ति	स्त्री.	वेश्या बन कर अर्थात् धन लेकर पर-पुरुषों से संभोग करने का व्यवसाय, वेश्याकर्म ।	വേശ്യയുടെ തൊഴിൽ, വ്യഭിചാരിക്കൽ	वेश्ययुटं तॉषिल्, व्यभिचरिक्कल्	profession of prostitution.
वेष्टन	पुं.	1. कोई चीज किसी दूसरी चीज के चारों ओर लपेटना;	പൊതിയൽ, ചുററൽ;	पॉतियल्, चुरर्ल्;	anything that surrounds or wraps;
		2. इस प्रकार लपेटी जानेवाली चीज;	പൊതി;	पॉति;	a bandage, band;
		3. पगड़ी ।	തലക്കെട്ട്, തലപ്പാവ്	तलक्कॆट्ट्, तलप्पाव्	turban.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वैकल्पिक	वि.	1. जो विकल्प के रूप में हो; 2. जिसके विषय में विकल्प का उपयोग या प्रयोग किया जाने को हो या किया जा सकता हो, जिसके चुनाव में अपनी इच्छा या पसंद का प्रयोग किया जा सकता हो ।	സംശയത്തിലുള്ള; ഐച്ഛികമായ, ഇഷ്ടാനുസരണം തിരഞ്ഞെടുക്കാവുന്ന	संशयत्तिलुळ्ळ; ऐच्छिकमाय, इष्टानुसरणं तिरञ्ञेटुक्कवुन्न	alternative; optional.
वैकुंठ	पुं.	1. वह स्वर्गीय लोक जिसमें विष्णु निवास करते हैं; 2. स्वर्ग ।	വിഷ്ണു ലോകം; സ്വർഗം	विष्णुलोकं; स्वर्गं	heavenly abode of Vishnu; heaven.
वैजयंती	स्त्री.	1. पताका, झंडा; 2. खेल, प्रतियोगिता आदि में मिलनेवाला विजय का सूचक एक उपहार ।	കൊടി, പതാക; വിജയമാല്യം, ജയമാല	कॉटि, पताक; विजयमाल्यं जयमाल	a flag, banner; a kind of garland prognosticating victory.
वैज्ञानिक	पुं.	विज्ञान का ज्ञाता, विज्ञानवेत्ता ।	ശാസ്ത്രജ്ഞൻ	शास्त्रज्ञन्	scientist.
	वि.	1. विज्ञानसंबंधी; 2. ठीक रीति या सिलसिले से होनेवाला, व्यवस्थित और क्रमबद्ध ।	ശാസ്ത്ര സംബന്ധമായ; ശാസ്ത്രീയമായ, വ്യവസ്ഥിതമായ	शास्त्र संबन्धमाय; शास्त्रीयमाय, व्यवस्थितमाय	scientific; systematic, methodical.
वैतनिक	वि.	1. वेतन-संबंधी, वेतन का; 2. जिसे किसी पद पर काम करने के फलस्वरूप वेतन मिलता हो ।	വേതന സംബന്ധമായ; ശമ്പളക്കാരനായ	वेतन् संबन्धमाय; शंपळक्कारन्नाय	serving for wages; a hired labourer, labourer.
वैदग्ध्य	पुं.	1. विदग्ध या पूर्ण पंडित होने की अवस्था, धर्म या भाव, पांडित्य, विद्वता; 2. कार्यकुशलता, दक्षता, पटुता; 3. कुशाग्रबुद्धि, चालाकी, चतुराई ।	പാണ്ഡിത്യം, വൈദുഷ്യം; നൈപുണ്യം, കാര്യക്ഷമത; ബുദ്ധി സാമർഥ്യം, കൗശലം, ചാതുര്യം	पाण्डित्यं, वैदुष्यं; नैपुण्य, कार्यक्षमत; बुद्धि सामर्थ्यं, कौशलं, चातुर्यं	dexterity; skill, proficiency; cleverness, shrewdness, wit.
वैदिक	वि.	1. वेदसंबंधी, वेद का;	വേദങ്ങളെ സംബന്ധിച്ച;	वेदङ्ङळ् संबन्धिच्च;	relating to the Veda, Vedic;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. जो वेदों में कहा गया हो, वेदोक्त ।	വേദത്തിൽ പറഞ്ഞിരിക്കുന്ന, വേദവിഹിതമായ	वेदत्तिल् परञ्ञिरिक्कुन्न, वेदविहितमाय	prescribed in the Veda, knowing the Veda.
वैदेशिक	वि.	1. विदेश से संबंध रखनेवाला; 2. विदेश में होनेवाला ।	വിദേശ സംബന്ധമായ; വിദേശത്തെ	विदेशसंबन्धमाय; विदेशत्तं	belonging to another country; foreign.
वैद्य	पुं.	1. आयुर्वेद का ज्ञाता; 2. आयुर्वेद द्वारा निर्दिष्ट चिकित्सा पद्धति के अनुसार चिकित्सा करनेवाला, आयुर्वेदिक चिकित्सक ।	ആയുർവേദ പണ്ഡിതൻ; ആയുർവേദ വിധിപ്രകാരം ചികിത്സിക്കുന്നവൻ, വൈദ്യൻ	आयुर्वेदपण्डितन्; आयुर्वेद विधिप्रकारं चिकित्सिक्कुन्नवन्, वैद्यन्	an expert of Ayurveda; Ayurvedic physician.
वैद्यक	पुं.	भारतीय चिकित्सा शास्त्र, आयुर्वेद ।	ഭാരതീയ ചികിത്സാശാസ്ത്രം, ആയുർവേദം	भारतीय चिकित्सा शास्त्रं, आयुर्वेद	the Indian science of Medicine, Ayurveda.
वैध	वि.	1. विधिमान्य, विधिसम्मत, नियमानुसार मान्य; 2. विधि या कानून की दृष्टि से ठीक, विधि के अनुकूल ।	വിധിപ്രകാരമുള്ള, നിയമാനുസൃതമായ; ന്യായമായ, ശരിയായ, നിയമസാധുത്വമുള്ള	विधिप्रकारमुळळ, नियमानुसृतमाय; न्यायमाय, शरियाय, नियमसाधुत्वमुळळ	lawful, legal, in accordance with rule; legitimate, just.
वैधव्य	पुं.	विधवा होने की अवस्था या भाव, रंडापा ।	വിധവ (ഭർത്താവു മരിച്ച സ്ത്രീ) യുടെ അവസ്ഥ	विधव (भर्त्तावु मरिच्च स्त्री) युटे अवस्थ	widowhood.
वैधानिक	वि.	1. विधान संबंधी; 2. विधान के अनुकूल, विधान-सम्मत ।	ഭരണഘടനാപരമായ; ഭരണഘടനയനുസരിച്ചുള്ള, ഭരണഘടനാനുസൃതമായ	भरणघटनापरमाय; भरणघटनयनुसरिच्चुळळ, भरणघटनानुसृतमाय	constitutional; in accordance to constitution, constitutional.
वैभव	पुं.	1. धन-दौलत, ऐश्वर्य; 2. शान-शौकत, भव्यता ।	ഐശ്വര്യം; മാഹാത്ംയം, പ്രഭാവം, പ്രതാപം	ऐश्वर्यं; माहात्म्यं, प्राभवं, प्रतापं	wealth, glory; greatness, grandeur, splendour.
वैभवशाली	वि.	1. जिसके पास बहुत अधिक धन-संपत्ति हो, वैभववाला, संपन्न, ऐश्वर्यशाली;	ധനികനായ, സമ്പന്നനായ, ഐശ്വര്യശാലിയായ;	धनिकनाय, संपन्नाय, ऐश्वर्यशालियाय;	wealthy, rich;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. शान से युक्त, भव्य ।	മഹത്തായ, ഭവ്യമായ	महत्ताय, भव्यमाय	grand, glorious, magnificent.
वैमानिक	वि.	विमान संबंधी, विमान का ।	വിമാന സംബന്ധമായ	विमानसंबन्धमाय	pertaining to an aeroplane,of an aeroplane;
	पुं.	हवाई जहाज चलानेवाला, विमानचालक ।	വിമാനം പറപ്പിക്കുന്നവൻ,	विमानं परप्पि-क्कुन्नवन्,	pilot.
वैयक्तिक	वि.	1. किसी विशिष्ट व्यक्ति या उसके अधिकार, गुण, स्वभाव आदि से संबंधित, व्यक्तिगत;	വ്യക്തിയെ സംബന്ധിച്ച, വ്യക്തി പരമായ;	व्यक्तियं संबन्धिच्च, व्यक्तिपरमाय;	relating to a particular person, his right, quality and nature, personal;
		2. जो सामूहिक या सार्वजनिक कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत न आता हो बल्कि जिस पर एक ही व्यक्ति का विधिक अधिकार हो, निजी;	സ്വകാര്യമായ, സ്വന്തം;	स्वकार्यमाय, स्वन्तं;	not pertaining to collective or public field but which is under the legal control of a particular person, private;
		3. आत्मपरक, व्यक्तिपरक, व्यक्तिनिष्ठ ।	വ്യക്തി നിഷ്ഠമായ	व्यक्तिनिष्ठमाय	personal, pertaining to self, subjective.
वैयाकरण	पुं.	1. वह जिसे व्याकरण शास्त्र का पूर्णज्ञान हो, व्याकरण का ज्ञाता;	വ്യാകരണ പണ്ഡിതൻ;	व्याकरण पण्डितन्;	one who has sound knowledge of grammar, grammarian;
		2. व्याकरण शास्त्र की रचना करनेवाला ।	വ്യാകരണ രചയിതാവ്,	व्याकरण-रचयिताव्,	writer of a grammar.
	वि.	व्याकरणसंबंधी ।	വ്യാകരണ സംബന്ധമായ	व्याकरण संबन्धमाय	pertaining to grammar.
वैर	पुं.	शत्रुता का वह उत्कट या तीव्र रूप जो प्रायः जाग्रत रहता है और बहुत कुछ स्थायी या स्वाभाविक होता है ।	വിരോധം, ശത്രുത, പക	विरोधं, शत्रुत, पक	enmity.
वैरागी	पुं.	उदासीन या विरक्त, साधु ।	വിരക്തൻ, സന്ന്യാസി	विरक्तन्, सन्न्यासि	religious devotee, Saint.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	वि.	जिसका मन संसार या सांसारिक रागों की ओर से हट गया हो, रागरहित, विरक्त ।	ലൗകിക വിഷയങ്ങളിൽ താൽപര്യമില്ലാത്ത, രാഗരഹിതനായ	लौकिक विषय-इ-ड-ळिल तात्पर्यमिल्लात्त, रागरहितनाय	one who has subdued his worldly desires, passions, an ascetic.
वैराग्य	पुं.	मन की वह वृत्ति जिसके कारण संसार की विषय-वासना तुच्छ प्रतीत होती है और व्यक्ति संसार के झंझट छोड़कर एकांत में रहता और ईश्वर का भजन करता है, विरक्ति ।	വൈരാഗിയുടെ അവസ്ഥ, ലൗകിക വിഷയങ്ങളിൽ താൽപര്യമില്ലായ്മ, വിരക്തി	वैरागियुटे अवस्थ, लौकिक विषय-इ-ड-ळिल तात्पर्यमिल्लायम, विरक्ति	freedom from passions or from worldly attachments, indifference.
वैरी	पुं.	वह जिसके साथ वैर-भाव हो, दुश्मन ।	വിരോധി, ശത്രു	विरोधि, शत्रु	enemy, foe, hostile.
वैवाहिक	वि.	1. विवाह-संबंधी, विवाह का; 2. विवाह के फलस्वरूप होनेवाला ।	വിവാഹ സംബന്ധമായ; വിവാഹത്തിലൂടെയുള്ള	विवाह संबन्धमाय; विवाहत्तिलूटे-युळळ	nuptial, matrimonial; relating to marriage.
वैशाख	पुं.	भारतीय वर्ष के बारह महीनों में से एक जो चांद्र गणना से दूसरा और सौर गणना के अनुसार पहला महीना होता है ।	രണ്ടാമത്തെ ചാന്ദ്രമാസം, വൈശാഖ മാസം, ഏപ്രിൽ-മെയ്, മേടം-ഇടവം	रण्टामत्तें चान्द्रमासं, वैशाख-मासं, एप्रिल-मॅय्, मेटं – इटवं	second lunar month in India, Baisakh.
वैशाखी	स्त्री.	1. वैशाख मास की पूर्णिमा जो विशाखा नक्षत्र में पड़ती है; 2. सौर मास की संक्रांति के दिन होनेवाला उत्सव ।	വൈശാഖ മാസത്തിലെ വെളുത്ത വാവ് സൗരമാസത്തിലെ സംക്രാന്തി	वैशाखमासत्तिलें वॅळुत्तवाव् सौरमासत्तिलें संक्रान्ति	the day of full moon in the month of Baisakh; an Indian festival.
वैश्य	पुं.	हिंदुओं में तीसरे वर्ण का व्यक्ति जिसका मुख्यकर्म व्यापार तथा खेती कहा गया है ।	മൂന്നാമത്തെ ജാതി, വൈശ്യൻ	मून्नामत्तें जाति, वैश्यन्	a Vaishya or man of the third (Hindu) caste (whose business was agriculture and trade), a trader.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वैषम्य	पुं.	दे. विषमता ।	നോ : 'विषमता'	नो: 'विषमता''	unevenness, unequality.
वैसा	वि.	किसी के अनुरूप या उसके अनुकरण पर किया जाने या होनेवाला, उस तरह का, उस प्रकृति का, उस प्रकार का ।	അങ്ങനെയുള്ള, അപ്രകാരമുള്ള, അത്തരം	अङ्ङनेय्युळ्ळ, अप्रकारमुळ्ळ, अत्तर	that like, such like, such as, of that kind.
	अव्य.	उस प्रकार, उस प्रकार से ।	അങ്ങനെ, അപ്രകാരം	अङ्ङ-ने, अप्रकार	of that kind.
वैसे	क्रि. वि.	उस प्रकार से, उस तरह से ।	അങ്ങനെ, അപ്രകാരം, ആ വിധത്തിൽ	अङ्ङ-ने, अप्रकार, आ विधत्तिल	in that manner, in the same way.
व्यंग	पुं.	1. विडंबना; 2. कटाक्ष, ताना, कटूक्ति, व्यंग्योक्ति ।	വ്യാജോക്തി; പരിഹാസ വചനം	व्याजोक्ति; परिहासवचनं	irony; sarcastic, ironical remarks.
व्यंग्य	पुं.	1. शब्द की व्यंजना शक्ति द्वारा निकलनेवाला अर्थ, व्यंग्यार्थ; 2. किसी को चिढ़ाने, दुःखी करने या नीचा दिखाने के लिए कही जानेवाली ऐसी बात जो स्पष्ट शब्दों में न होने पर भी अथवा विपरीत रूप की होने पर भी उक्त प्रकार का अभिप्राय प्रकट करती हो, व्यंग, कटाक्ष, ताना; 3. विडंबना ।	ഗൂഢാർഥം; പരിഹാസോക്തി, കുത്തുവാക്ക്	गूढार्थं परिहासोक्ति, कुत्तुवाक्क;	suggestiveness of the word, suggested meaning or sense; sarcasm, ironical remarks;
	वि.	शब्द की व्यंजना शक्ति द्वारा व्यक्त, व्यंजित ।	പരിഹാസം സൂചിതമായ, വ്യഞ്ജിപ്പിക്കപ്പെട്ട	परिहासं सूचितमाय, व्यञ्जिप्पिक्कप्पेट्ट	irony, suggested or implied sense.
व्यंग्यार्थ	पुं.	शब्द की व्यंजना शक्ति द्वारा प्राप्त अर्थ ।	സൂചിതാർഥം, ഗൂഢാർഥം	सूचितार्थं, गूढार्थं	suggested or implied sense.
व्यंजक	वि.	व्यंजन अर्थात् व्यक्त करनेवाला, भाव या अर्थ व्यक्त करनेवाला ।	വ്യഞ്ജിപ്പിക്കുന്ന, വ്യക്തമാക്കുന്ന, സൂചിപ്പിക്കുന്ന	व्यञ्जिप्पिक्कुन्न, व्यक्तमाक्कुन्न, सूचिप्पिक्कुन्न	expressive.
	पुं.	ऐसा शब्द जो व्यंजना द्वारा अर्थ प्रकट करता हो ।	വ്യംഗ്യാർഥ മടങ്ങിയ വാക്ക്	व्यंग्यार्थमटङ्ङिय वाक्क्	suggestive word.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयालम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
व्यंजन	पुं.	1. वर्णमाला का कोई ऐसा वर्ण जिसका उच्चारण किसी और वर्ण, विशेषत: स्वर की सहायता के बिना संभव हो;	വ്യഞ്ജനാക്ഷരം (ക മുതൽ ഹ വരെ);	व्यञ्जनाक्षरं (क मुतल् ह वरे);	consonant;
		2. सभी प्रकार के पकाए हुए भोजन;	പാകം ചെയ്ത ഭക്ഷണപദാർഥം;	पाकं चेय्त भक्षणपदार्थं;	cooked food;
		3. व्यक्त या प्रकट करने या होने की क्रिया या भाव, व्यंजना ।	പ്രകടമാകൽ, പ്രകടിപ്പിക്കൽ, സൂചിപ്പിക്കൽ	प्रकटमाकल्, प्रकटिप्पिक्कल्, सूचिप्पिक्कल्	meaning, suggestion.
व्यंजना	स्त्री.	1. शब्द की तीन प्रकार की शक्तियों या वृत्तियों में से एक जिससे शब्द या शब्द समूह के वाच्यार्थ या लक्ष्यार्थ से भिन्न किसी और ही अर्थ का बोध होता है, व्यंग्याथ बोधक शब्द शक्ति;	വാച്യാർഥത്തിലും ലക്ഷ്യാർഥത്തിൽ നിന്നു ഭിന്നമായ മറ്റൊരർഥത്തെ സൂചിപ്പിക്കുന്ന ശബ്ദവ്യാപാരം;	वाच्यार्थत्तिलुं लक्ष्यार्थत्तिल् निन्नु भिन्नमाय मररार्थत्तै सूचिप्पिक्कुन्न शब्दव्यापारं;	out of the three powers of word which gives different meanings from literary to implied meaning of a word;
		2. प्रकट करने की क्रिया, भाव या शक्ति, अभिव्यक्ति, अभिव्यंजना;	പ്രകടിപ്പിക്കൽ, പ്രകാശനം, അഭിവ്യഞ്ജനം;	प्रकटिप्पिक्कल्, प्रकाशनं, अभिव्यञ्जनं;	expression;
		3. व्यंग्यार्थ ।	വ്യംഗ്യാർഥം, ഗൂഢാർഥം	व्यंग्यार्थं, गूढार्थं	suggested meaning.
व्यक्त	वि.	1. जो प्रकट किया या सामने लाया गया हो, दृष्टिगोचर, प्रत्यक्ष;	പ്രകടമായ, പ്രത്യക്ഷമായ;	प्रकटमाय, प्रत्यक्षमाय;	manifested, expressed, displayed;
		2. साफ, स्पष्ट सुनाई पड़नेवाला;	സ്പഷ്ടമായ, സ്ഫുടമായ;	स्पष्टमाय, स्फुटमाय;	articulate;
		3. व्यंजित, अभिव्यक्त ।	നിർദേശിക്കപ്പെട്ട	निर्देशिक्कप्पेट्ट	suggested, expressed.
व्यक्ति	पुं.	1. मनुष्य, आदमी;	മനുഷ്യൻ, ആൾ;	मनुष्यन्, आल्;	an individual;
		2. मनुष्य या किसी और शरीरधारी का सारा शरीर जिसकी पृथक् सत्ता मानी जाती है और जो किसी समूह या समाज का अंग	ജാതിയിൽപ്പെട്ട അഥവാ സമൂഹത്തിൽപ്പെട്ട ഒരംഗം, 'സമൂഹം'	जातियिल्प्पेट्ट अथवा समूहत्तिल्प्पेट्ट ओरंग, 'समूहं'	person.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यन्तरण	अंग्रेजी पर्याय
		माना जाता है, समष्टि का विपर्याय, व्यष्टि ।	എന്നതിന്റെ വിപരീതപദം	एंन्नतिन्टे विपरीतपर्द	
व्यक्तिक	वि.	किसी एक ही व्यक्ति से संबंध रखनेवाला, दूसरे सभी व्यक्तियों से भिन्न या पृथक ।	വ്യക്തിപരമായ, ഒരാളിനെ സംബന്ധിക്കുന്ന	व्यक्तिपरमाय, ओराळिन्ने संबन्धिक्कुन्न	individual, personal.
व्यक्तिगत	वि.	किसी एक ही व्यक्ति से संबंध रखनेवाला, दूसरे सभी व्यक्तियों से भिन्न या पृथक् ।	വ്യക്തി പരമായ, വ്യക്തി നിഷ്ഠമായ	व्यक्तिपरमाय, व्यक्तिनिष्ठमाय	individual, personal, subjective.
व्यक्तित्व	पुं.	1. किसी व्यक्ति की निजी विशिष्ट क्षमताएं, गुण, प्रवृत्तियां आदि जो उसके उद्देश्यों, कार्यों, व्यवहारों आदि में प्रकट होती हैं और जिनसे उस व्यक्ति का सामाजिक स्वरूप स्थिर होता है;	ഒരു വ്യക്തിയുടെ പ്രവൃത്തികളിൽ പ്രതിഫലിക്കുന്ന അയാളുടെ കഴിവുകൾ, ഗുണങ്ങൾ മുതലായവയുടെ ആകെത്തുക;	ओरु व्यक्तियुटे प्रवृत्तिकळिल प्रतिफलिक्कुन्न अयाळुटे कषिवुकळ, गुणङ्ङळ मुतलायवयुटे आकॆत्तुक;	personality;
		2. व्यक्ति होने की अवस्था या भाव, वैयक्तिकता ।	വ്യക്തിപരമായ സവിശേഷത	व्यक्तिपरमाय सविशेषत	individuality.
व्यक्तिकरण	पुं.	व्यक्त करने की क्रिया या भाव ।	വ്യക്തമാക്കൽ, പ്രകടിപ്പിക്കൽ, സ്പഷ്ടമാക്കൽ	व्यक्तमाक्कल, प्रकटिप्पिक्कल स्पष्टमाक्कल	the act of making manifest, clear or distinct, individualisation, personalisation.
व्यक्तिवाद	पुं.	1. यह मत या सिद्धान्त कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने ढंग से चलना और रहना चाहिए, दूसरों के सुख-दुख आदि का ध्यान नहीं रखना चाहिए;	വ്യക്തിയും സ്വന്തം അഭിവൃദ്ധിക്കു വേണ്ടി പ്രയത്നിച്ചുകൊള്ളണമെന്ന സിദ്ധാന്തം;	व्यक्तियुं स्वन्तं अभिवृद्धिक्कु-वेण्टि प्रयत्निच्चु कॊळळणमॆन्न सिद्धान्तं;	individualism;
		2. आधुनिक राजनीति में, यह सिद्धांत कि यह सृष्टि व्यक्तियों के कल्याण के लिए ही हुई है, व्यक्तियों की सृष्टि राजा या शासन का अस्तित्व बनाए रखने के लिए नहीं हुई है;	വ്യക്തി മാഹാത്മ്യ സിദ്ധാന്തം;	व्यक्तिमाहात्म्य सिद्धांत ;	the doctrine or theory of being self-centred and having no truck with pleasures and pains of others;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. आर्थिक क्षेत्र में, यह सिद्धांत कि सब प्रकार के काम-धंधों में सब लोगों को स्वतंत्र रहना चाहिए, शासन या समाज का उन पर कोई नियंत्रण नहीं रहना चाहिए और उन्हें अपनी इच्छा से मिलकर अपना संगठन स्थापित करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए ।	വ്യക്തി സ്വാതന്ത്ര്യ സിദ്ധാന്തം	व्यक्तिस्वातन्त्र्य सिद्धान्तं	the doctrine according to which all individuals should be free in all their business and free from the control of the government and should have liberty to set up their own organization.
व्यग्र	वि.	चिंतित, बेचैन, अधीर विकल ।	പരിഭ്രമിച്ച, കുഴങ്ങിയ, വിഹ്വലമായ	परिभ्रमिच्च, कुषङ्ङिय, विह्वलमाय	perplexed, bewildered, agitated.
व्यग्रता	स्त्री.	व्यग्र होने की अवस्था या भाव, बेचैनी, अधीरता, विकलता ।	പരിഭ്രമം, വേവലാതി, വിഹ്വലത	परिभ्रमं, वेवलाति, विह्वलत	perplexedness, perplexity, agitation.
व्यजन	पुं.	पंखा ।	വിശറി	विशरि	a fan.
व्यतिक्रम	पुं.	1. किसी क्रम में होनेवाली बाधा या रुकावट;	അട്ടക്കുത്തറ്റൽ, ക്രമഭംഗം;	अटुक्कु तॅर्र्ल, क्रम भंगं;	infraction;
		2. क्रमविपर्यय;	ക്രമവിരുദ്ധത, ക്രമവിപര്യയം,	क्रमविरुद्धत, क्रमविपर्ययं,	violation of established order;
		3. उल्लंघन ।	ലംഘനം	लंघनं	violation.
व्यतिरेक	पुं.	1. दो चीजों की ऐसी तुलना जो उनके परस्पर विरोधी गुणों को आधार बनाकर की गई हो;	വൈരുദ്ധ്യം;	वैरुद्ध्यं;	contrast;
		2. अन्तर, भेद ।	വ്യത്യാസം, അന്തരം	व्यत्यासं, अन्तरं	difference.
व्यतीत	वि.	गुजरा या बीता हुआ ।	കഴിഞ്ഞ, പൊയ്പോയ	कषिञ्ञ, पॉय्प्पोय	passed away, gone, past.
व्यथा	स्त्री.	उग्र मानसिक या शारीरिक पीड़ा ।	കടുത്ത വേദന, ദുഃഖം, വ്യസനം	कटुत्त वेदनॆ, दुःखं, व्यसनं	pain, agony, anguish.
व्यथित	वि.	व्यथाग्रस्त ।	വേദനിക്കുന്ന, ദുഃഖിക്കുന്ന	वेदनिक्कुन्न, दुःखिक्कुन्न	afflicted, distressed, pained.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
व्यपगत	वि.	1. जो बीत गया हो, बीता हुआ;	കഴിഞ്ഞുപോയ, പൊയ്പ്പോയ;	कषिञ्ञुपोय, पोय्प्पोय;	gone away;
		2. जिसकी नियत अवधि समाप्त हो गई हो, गतावधि;	കാലാവധി കഴിഞ്ഞ, കാലഹരണപ്പെട്ട;	कालावधि कषिञ्ञ; कालहरणप्पट्ट;	fallen away from;
		3. जो कहीं चला गया हो, जो दूर हो गया हो या हट गया हो;	അകന്നുപോയ, വേർപെട്ട;	अकन्नुपोय, वेर्प्पट्ट;	disappeared, departed,
		4. वंचित, रहित ।	നഷ്ടമായ	नष्टमाय	devoid of.
व्यभिचार	पुं.	1. स्त्री का पर-पुरुष से या पुरुष का पर-स्त्री से होनेवाला अनुचित संबंध, छिनाला, जारकर्म;	ദുർമാർഗ സഞ്ചാരം;	दुर्मार्गसञ्चारं;	fornication, adultery, debauchery;
		2. न्याय में ऐसा हेतु जिसका साध्य न हो;			following improper course;
		3. नियमों का अपवाद;	നിയമത്തിന്റെ അപവാദം;	नियमत्तिन्ट्टे अपवादं;	exception of rules;
		4. एक तर्क छोड़कर दूसरे तर्क का सहारा लेना ।	ഒരു വാദഗതി വിട്ടു മറ്റൊന്നു സ്വീകരിക്കുക	ओरु वादगति-विट्टु मर्र्रान्न स्वीकरिक्कुक	wandering from an argument.
व्यभिचारिणी	वि., स्त्री.	1. व्यभिचार करनेवाली (स्त्री), पुंश्चली, कुलटा, दुश्चरित्रा;	പാതി വ്രത്യമില്ലാത്ത വൾ, കുലട;	पातिव्रत्यमिल्लात्त वळ, कुलट;	wanton woman, unchaste wife;
		2. स्थिर न रहनेवाली (बुद्धि) ।	സ്ഥിരമായി നിൽക്കാത്ത (ബുദ്ധി)	स्थिरमायि निल्क्कात्त (बुद्धि)	adulteration (of mind).
व्यभिचारी	वि.	1. व्यभिचार करनेवाला, अनुचित यौन संबंध रखनेवाला, दुश्चरित्र, कुमार्गगामी;	വ്യഭിചരിക്കുന്ന, ദുർമാർഗിയായ;	व्यभिचरिक्कुन्न, दुर्मार्गियाय;	a debauchee, an adulterer;
		2. अस्थिर, अस्थायी ।	ഉറച്ചു നിൽക്കാത്ത, സ്ഥിരമല്ലാത്ത	उर्च्चुनिल्कात्त, स्थिरमल्लात्त	changeable, unconstant, transgressing.
	पुं.	साहित्य में संचारी भाव ।	(സാഹിത്യം) സ്ഥായിയല്ലാത്ത അഥവാ ക്ഷണികമായ ഭാവം	(साहित्यं) स्थायियल्लात्त अथवा क्षणिकमाय भावं	a transitory mental or physical status according to Indian poetics.
व्यय	पुं.	1. धन आदि का किसी काम में लगाना, खर्च, आय का विपर्याय;	ചെലവ്, പണംമുടക്ക്;	चेलव्, पणंमुटक्क्;	expenditure, cost;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. उपभोग आदि में आने के कारण किसी चीज का होनेवाला क्षय, नाश या लोप;	നാശം, ലോപം, ക്ഷയം;	नाशं, लोपं, क्षयं;	consumption, decay;
		3. किसी मद विशेष में होनेवाला धन का खर्च (उदा. – डाक व्यय, यात्रा व्यय) ।	പ്രത്യേക ഇനത്തിനുള്ള ചെലവ് (ഉദാ: തപാൽ ച്ചെലവ്	प्रत्येक इनुत्तिनुळ्ळ चेलव् (उदा: तपाल्च्चेलव्	outlay.
व्यर्थ	वि.	1. जो उपयोग में न आने को हो, अनुपयोगी;	നിരുപയോഗമായ;	निरुपयोगमाय;	useless, futile;
		2. अनावश्यक;	ആവശ്യമില്ലാത്ത	आवश्यमिल्लात्त;	unnecessary;
		3. जो लाभप्रद न हो, अलाभदायक, निरर्थक;	വ്യർഥമായ, നിരർഥകമായ;	व्यर्थमाय, निरर्थकमाय;	unprofitable, meaningless;
		4. बेकार, अप्रभावी, जो कारगर न हो, निष्फल ।	നിഷ്ഫലമായ, വെറുതെ, വൃഥാ	निष्फलमाय, वंसुतं, वृथा	vain, ineffective.
	अव्य.	नाहक, बिना मतलब के, यों ही ।			vain, ineffective.
व्यवधान	पुं.	1. बीच में आड़ करनेवाली चीज, ओट, परदा;	ഇടയ്ക്കു വരുന്നതു്, മറ;	इटयक्कु वरुन्नत्, मरु;	hindrance, intervention;
		2. बाधा;	തടസ്സം, വിഘ്നം;	तटस्सं, विघ्नं;	obstruction;
		3. बीच में पड़नेवाला अवकाश ।	ഇടയ്ക്കുള്ള സമയം, ഇടനേരം	इटयक्कुळ्ळ समयं, इटनेरं	interval.
व्यवसाय	पुं.	1. ऐसा कार्य जिसके द्वारा किसी की जीविका का निर्वाह होता हो, पेशा, वृत्ति;	ഉപജീവന മാർഗം, ജീവിതവൃത്തി;	उपजीवनमार्गं, जीवितवृत्ति;	profession, practice;
		2. रोजगार, व्यापार;	തൊഴിൽ, ജോലി, വേല;	तॊषिल्, जोलि, वेल;	occupation, business, employment, practice;
		3. प्रयत्न, प्रयास, उद्योग;	അധ്വാനം;	अध्वानं;	efforts, try;
		4. कार्य-धन्धा, उद्यम ।	പ്രവൃത്തി	प्रवृत्ति	practice, industry.
व्यवसायी	वि.	1. किसी व्यवसाय में लगा हुआ, कोई काम करता हुआ या किसी काम में लगा हुआ;	പണി യെടുക്കുന്ന, ജോലി ചെയ്യുന്ന;	पणियॆटुक्कुन्न, जोलि चॆय्युन्न;	performing, doing, employed;
		2. पेशेवर, व्यावसायिक;	തൊഴിൽക്കാരനായ;	तॊषिलक्कारनाय;	professional, practitioner;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. उद्यमी, परिश्रमी, उत्साही;	പരിശ്രമ ശീലനായ, അധ്വാനിയായ, സ്ഥിരോത്സാഹിയായ;	परिश्रमशीलनाय, अध्वानियाय, स्थिरोत्साहियाय;	painstaking, industrious, diligent, laborious;
		4. किसी पेशे में लगा हुआ ।	ഏതെങ്കിലും വ്യവസായത്തിൽ എർപ്പെട്ട	एतेंकिलुं व्यवसायत्तिल एर्प्पेट्ट	employed in any business.
	पुं.	व्यापारी, कारबार करनेवाला ।	വ്യവസായം ചെയ്യുന്നവൻ	व्यवसायं चेय्युन्नवन्	trader, business man.
व्यवस्था	स्त्री.	1. ठीक अवस्था, अच्छी हालत;	ശരിയായ നില, സുസ്ഥിതി;	शरियाय निल, सुस्थिति;	state, condition;
		2. क्रम, ढंग आदि के विचार से उपयुक्त स्थिति में होना, विन्यास;	അടുക്ക്, ചിട്ട, ക്രമം;	अटुक्क, चिट्ट, क्रमं;	order, system;
		3. प्रबंध, इंतजाम;	എർപ്പാട്, നടത്തിപ്പ്;	एर्प्पाट्, नटत्तिप्प्;	management, arrangement;
		4. विधिक और वैधानिक क्षेत्रों में, किसी निम्नस्थ अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध बड़े अधिकारी का दिया हुआ आदेश या किया हुआ निर्णय;	മേലധികാരിയുടെ തീരുമാനം, ഉത്തരവ്;	मेलधिकारियुटे तीरुमानं, उत्तरव;	ruling;
		5. नियम, विधि आदि में किसी विशिष्ट उद्देश्य से निकाली जानेवाली गुंजाइश या रास्ता;	ചട്ടം, കരാറ്, നിയമവകുപ്പ്;	चट्टं, करारु, नियमवकुप्प्;	provision;
		6. निपटारा, निपटान ।	തീരുമാനം	तीरुमानं	settlement.
व्यवस्थापक	पुं.	1. वह अधिकारी जो संस्था आदि के कार्यों का प्रबंध करता हो, प्रबंधक;	നടത്തിപ്പുകാരൻ, കാര്യസ്ഥൻ, മാനേജർ;	नटत्तिप्पुकारन्, कार्यस्थन्, मानेजर्;	manager of any institution, manager;
		2. वह जो यह बतलाता हो कि अमुक विषय में शास्त्रों का क्या मत है, व्यवस्था देनेवाला ।	ശാസ്ത്ര സമ്മതമായ ചിട്ടകളും മററും പറഞ്ഞു കൊടുക്കുന്നവൻ	शास्त्रसम्मतमाय चिट्टकळुं मरुरु पऱञ्ञुकोटुक्कुन्नवन्	one who gives a legal opinion.
व्यवस्थापन	पुं.	1. व्यवस्था करने की क्रिया या भाव;	വ്യവസ്ഥപ്പെടുത്തൽ, എർപ്പെടുത്തൽ, നടത്തിക്കൽ;	व्यवस्थर्प्पेटुत्तल, एर्प्पेटुत्तल, नटत्तिक्कल्;	imparting an order;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. उपयुक्त क्रम या स्थिति में लाना, विधिपूर्वक रखना;	ക്രമപ്പെടുത്തൽ, അടുക്കി വയ്ക്കൽ, ചിട്ടപ്പെടുത്തൽ;	क्रमप्पंडुत्तल, अटुक्किवय्क्कल, चिट्टप्पंडुत्तल;	organising, imparting an order, systematizing;
		3. किसी विषय में शास्त्रीय व्यवस्था देना या बतलाना ।	ഏതെങ്കിലും കാര്യത്തിലെ ചിട്ടകളും മുറും പറഞ്ഞു കൊടുക്കൽ	एतेंकिलुं कार्यत्तिलें चिट्टकळुं मऱुं पऱञ्ञु कॊडुक्कल	giving a technical advice on a particular subject.
व्यवस्थित	वि.	1. जिसकी ठीक व्यवस्था की गई हो;	വ്യവസ്ഥപ്പെടുത്തിയ;	व्यवस्थप्पंडुत्तिय;	systematic, methodical;
		2. जो ठीक क्रम या सिलसिले से चल रहा हो ।	ക്രമാനുസൃതമായ, അടുക്കുള്ള	क्रमानुसृतमाय, अटुक्कुळ	in order.
व्यवहर्ता	पुं.	1. व्यवहार करनेवाला, पालनकर्ता, प्रयोगकर्ता;	ഇടപാടുകാരൻ, നടത്തിപ്പുകാരൻ, പെരുമാറുന്നവൻ;	इटपाटुकारन्, नटत्तिप्पुकारन्, पॆरुमाऱुन्नवन्;	one who acts or transacts business, a user;
		2. उपयोग करनेवाला, काम में लानेवाला ।	ഉപയോഗിക്കുന്നവൻ	उपयोगिक्कुन्नवन्	consumer, utilizer.
व्यवहार	पुं.	1. दूसरों से किया जानेवाला बरताव, आचरण;	പെരുമാററം, ആചരണം;	पॆरुमाऱ्ऱं, आचरण्;	behaviour, conduct;
		2. वस्तु आदि का किया जानेवाला उपयोग, काम में लाना, उपयोग;	ഉപയോഗിക്കൽ, ഉപഭോഗം;	उपयोगिक्कल्, उपभोग्;	utilization, consumption;
		3. कार्यान्वित करना, पालन, प्रयोग;	നടത്തിപ്പ്, നടപ്പാക്കൽ, പ്രയോഗം;	नटत्तिप्प्, नटप्पाक्कल्, प्रयोग्;	implementation, compliance, usage;
		4. रुपए-पैसे, लेन-देन आदि का काम, महाजनी ।	പണമിടപാട്	पणमिटपाट्	mercantile, transaction.
व्यवहार्य	वि.	1. जो व्यवहार में आने के योग्य हो, जिसका व्यवहार हो सके, काम में लाने योग्य;	പ്രയോഗിക്കേണ്ടതായ, നടപ്പാക്കേണ്ടതായ;	प्रयोगिक्केण्टताय, नटप्पाक्केण्टताय;	to be practised, to be used;
		2. करने योग्य, साध्य ।	പ്രയോഗികമായ	प्रायोगिकमाय	practicable.
व्यवहृत	वि.	1. व्यवहार या प्रयोग में लाया हुआ;	ഉപയോഗിക്കപ്പെട്ട;	उपयोगिक्कप्पॆट्ट;	used, employed;
		2. आचरित, अनुष्ठित;	ആചരിക്കപ്പെട്ട, അനുഷ്ഠിക്കപ്പെട്ട;	आचरिक्कप्पॆट्ट, अनुष्ठिक्कप्पॆट्ट	followed in practice, implemented;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. कार्यान्वित, लागू किया हुआ ।	നടപ്പാക്കപ്പെട്ട	नटप्पाक्कप्पॆट्ट	implemented, applied.
व्यष्टि	स्त्री.	समष्टि का एक स्वतंत्र अंग, व्यक्ति ।	സമൂഹത്തിലെ ഒരു സ്വതന്ത്ര അംഗം, വ്യക്തി	समूहत्तिलॆ ऒरु स्वतन्त्र अंगं, व्यक्ति	an independent part of the community, an individual.
व्यसन	पुं.	1. **बुरी आदत, लत;**	ദുശ്ശീലത്തിന് അടിമയാക്കൽ;	दुश्शीलत्तिन् अटिमयाक्कल्;	addiction, evil habit;
		2. **किसी काम या बात के संबंध में होनेवाली ऐसी तीव्र प्रवृत्ति या रुचि जिसके फलस्वरूप मनुष्य प्रायः उसी काम में लगा रहता हो (उदा. – लिखने-पढ़ने का व्यसन);**	ആസക്തി, അത്യധികമായ താൽപര്യം;	आसक्ति, अत्यधिकमाय तात्पर्यं;	attachment or devotion, hobby (as of reading).
		3. **विपत्ति, आफत, संकट ।**	ആപത്ത്, അത്യാഹിതം	आपत्त्, अत्याहितं	calamity, distress, disaster.
व्यसनी	वि.	1. **जिसे किसी बुरे काम की लत पड़ गई हो;**	ഏതെങ്കിലും ദുശ്ശീലമുള്ള;	एतॆंकिलुं दुश्शीलमुळ्ळ;	addicted to any vice or evil practice;
		2. **विषयासक्त;**	വിഷയാസക്തനായ;	विषयासक्तनाय;	excessively devoted to any thing;
		3. **जिसे किसी विषय का बहुत शौक हो ।**	ആസക്തനായ	आसक्तनाय	fond of, passionate for.
व्यस्त	वि.	1. **कार्य आदि में संलग्न, उलझा हुआ;**	കാര്യവ്യഗ്രതയുള്ള;	कार्यव्यग्रत-युळ्ळ;	engaged, busy;
		2. **जो ठीक क्रम से न हो, अव्यवस्थित;**	ആടുക്കും ചിട്ടയുമില്ലാത്ത,	अटुक्कुं चिट्टयुमिल्लात्त,	disordered, disarranged;
		3. **समासरहित (व्या.)**	(വ്യാ.) സമാസിക്കപ്പെടാത്ത (പദം);	(व्या.) समासिक्कप्पॆटात्त (पदं);	uncompounded (as a word);
		4. **पृथक्, अलग;**	വിഭിന്നമായ, ഒറ്റയായ;	विभिन्नमाय, ऒऱ्ऱयाय;	separated, isolated;
		5. **किसी के अंदर फैला हुआ, व्याप्त ।**	പരന്ന, വ്യാപിച്ച	परन्न, व्यापिच्च	scattered, pervading, inherent in.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
व्याकरण	पुं.	वह शास्त्र जिसमें बोलचाल तथा साहित्य में प्रयुक्त होने-वाली भाषा का स्वरूप, उसके गठन, उसके अवयवों, उनके प्रकारों और पारस्परिक संबंधों तथा उनके रचना-विधान और रूप परिवर्तन का विचार होता है ।	ഭാഷയുടെ സ്വരൂപത്തെപ്പററി വിചിന്തനം ചെയ്യുകയും നിയമങ്ങളെപ്പററി പ്രതിപാദിക്കുകയും ചെയ്യുന്ന ശാസ്ത്രം	भाषयुटे स्वरूपत्तेप्परिर् विचिन्तनं चेय्युकयुं नियमङ्ङळेप्परिर् प्रतिपादिक्कुकयुं चेय्युन्न शास्त्रं	grammar.
व्याकरणिक	वि.	व्याकरण संबंधी, व्याकरण का ।	വ്യാകരണപരമായ	व्याकरणपरमाय	pertaining to grammar, grammatical.
व्याकुल	वि.	1. उत्सुकता, भय, परेशानी आदि के फलस्वरूप जिसके मन में घबराहट हो, बेचैन, व्यग्र, विकल, अधीर;	പരിഭ്രമിച്ച, ക്ഷുബ്ധമായ, കഴങ്ങിയ;	परिभ्रमिच्च, क्षुब्धमाय, कुषङ्ङिय;	agitated, perplexed, restless, confused, troubled, confounded, impatient, perturbed;
		2. जिसे कोई विशेष उत्कंठा या कामना हो, उत्कंठित, उत्सुक;	ഉത്ക്കണ്ഠയുള്ള, ഔത്സുക്യമുള്ള;	उत्क्कण्ठयुळ्ळ, औत्सुक्यमुळ्ळ;	curious, eager, keenly desirous, longing (for);
		3. कातर ।	മനസ്സുപതറിയ	मनस्सु पतरिय	distracted.
व्याकुलता	स्त्री.	1. विकलता, घबराहट, व्यग्रता, अधीरता;	പരിഭ്രമം, വ്യഗ്രത, അക്ഷമ, അസ്വാസ്ഥ്യം;	परिभ्रमं, व्यग्रत, अक्षम, अस्वास्थ्यं;	restlessness, agitation, perturbation, impatience;
		2. कातरता;	മനശ്ചാഞ്ചല്യം;	मनश्चांचल्यं;	distraction;
		3. उत्कंठा, उत्सुकता ।	ഉത്ക്കണ്ഠ, ഔത്സുക്യം	उत्क्कण्ठ, औत्सुक्यं	eagerness, curiosity.
व्याख्या	स्त्री.	1. किसी जटिल वाक्य, विषय आदि को अधिक बोधगम्य रूप से समझाना, अर्थ का स्पष्टीकरण;	അർഥവിശദീകരണം, സ്പഷ്ടീകരണം;	अर्थविशदीकरणं, स्पष्टीकरणं;	explanation, narration;
		2. प्रतिपादन, विवेचन, सविस्तार वर्णन;	പ്രതിപാദനം, വിവേചനം, നിരൂപണം;	प्रतिपादनं, विवेचनं, निरूपणं;	exposition, critical appreciation;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. टीका, विवृति; 4. किसी वाक्य, कथन आदि का अपनी बुद्धि या दृष्टिकोण से लगाया जानेवाला अर्थ, निर्वचन ।	ഭാഷ്യം, ടീക; വ്യാഖ്യാനം	भाष्यं, टीक; व्याख्यानं	commentary; interpretation.
व्याख्याता	पुं.	1. व्याख्या करनेवाला, टीकाकार; 2. व्याख्यान देनेवाला, भाषण देनेवाला; 3. निर्वचनकर्ता ।	അർഥം വിശദീകരിക്കുന്നവൻ; പ്രസംഗകൻ, പ്രഭാഷകൻ; വ്യാഖ്യാനിക്കുന്നവൻ	अर्थ विशदीकरिक्कुन्नवन्; प्रसंगकन्, प्रभाषकन्; व्याख्यानिक्कुन्नवन्	commentator, explainer; Lecturer; interpreter.
व्याख्यान	पुं.	1. भाषण, वक्तृता; 2. व्याख्या करने की क्रिया या भाव, विवेचन, विस्तारपूर्वक वर्णन ।	പ്രഭാഷണം; വ്യാഖ്യാനം, അർഥ വിശദീകരണം	प्रभाषणं; व्याख्यानं, अर्थविशदीकरणं	speech, lecture; explanation, interpretation, narration.
व्याघात	पुं.	1. क्रम, सिलसिले आदि में पड़नेवाली बाधा, रुकावट;	തടസ്സം, വിഘ്നം;	तटस्सं, विघ्नं;	interruption, hindrance, obstruction;
		2. विरोध, असंगति, परस्पर विरोध ।	പരസ്പര വൈരുദ്ധ്യം, അസാംഗത്യം	परस्पर वैरुध्यं, असांगत्यं	contraction, anomaly, inconsistency.
व्याघ्र	पुं.	बाघ, शेर ।	കടുവാ, പുലി	कटुवा, पुलि	a tiger.
व्याज	पुं.	1. मन में कोई बात रखकर ऊपर से कुछ और कहना या करना, बहाना, मिस, छल, हीला;	കപടം, കള്ളം, ചതി, നാട്യം, ഒഴികഴിവ്;	कपटं, कळळे, चति, नाट्यं, ऒषिकषिवु;	deception, pretext, pretence, trick, fraud;
		2. ब्याज, सूद ।	പലിശ	पलिश	interest.
व्याज-निंदा	स्त्री.	1. छल या बहाने से की जानेवाली किसी की निंदा;	പരോക്ഷമായ നിന്ദ;	परोक्षमाय निन्द;	artful censure, ironical censure;
		2. साहित्य में एक अलंकार जो उस समय माना जाता है जब किसी एक की निंदा इस प्रकार की जाती है कि उससे किसी दूसरे की निंदा प्रतीत होने लगती है ।	ഒരു കാവ്യാലങ്കാരം, സ്തുതിയെന്നു തോന്നിക്കുന്ന നിന്ദ	ऒरु काव्यालंकारं, स्तुतियेन्नु तोन्निक्कुन्न निन्द	a figure of speech resembling the English 'Irony', wherein censure is implied by apparent praise. .

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
व्याज-स्तुति	स्त्री.	1. ऐसी स्तुति जो व्याज या किसी बहाने से की जाए और ऊपर से देखने में स्तुति न जान पड़े फिर भी उसकी स्तुति ही हो;	പരോക്ഷമായ പ്രശംസ;	परोक्षमाय प्रशंस	indirect eulogy, ironical praise or commendation;
		2. साहित्य में एक अलंकार जो उस समय माना जाता है जब कोई कथन अभिधा शक्ति की दृष्टि से निंदासूचक होता है परन्तु जिसका वाक्यार्थ वस्तुत: स्तुतिपरक होता है ।	ഒരു കാവ്യാലങ്കാരം, നിന്ദയെന്നു തോന്നിക്കുന്ന പ്രശംസ	ओरु कव्यालकारं, निन्दयन्नु तोन्निक्कुन्न प्रशंस	a figure of speech resembling the English 'Irony' wherein praise is implied by apparent censure.
व्याध	पुं.	1. बहेलिया, चिड़ीमार;	വേടൻ, വേട്ടക്കാരൻ;	वेटन्, वेट्टक्कारन;	a hunter, a fowler;
		2. प्राचीन भारत में शिकार द्वारा जीविका उपार्जित करने वाली एक जाति	പ്രാചീന ഭാരതത്തിൽ വേട്ട തൊഴിലാക്കിയിരുന്ന ഒരു ജാതി	प्राचीनु भारतत्तिल वेट्ट तोषिलाक्कियिरुन्न ओरु जातिजाति	a caste in ancient India living on hunting.
